राष्ट्रव्यापी खेत बचाओ अभियान शुरू

दिनांक: 01.06.2026, जोधपुर

केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देश पर राष्ट्रव्यापी “खेत बचाओ अभियान” दिनांक 01.06.2026 से 30.06.2026 तक आयोजित किया जा रहा है। दिनांक 01.06.2026 को काजरी द्वारा धवा ब्लाक के डोली गाँव से अभियान की शुरुआत की गई। इस अवसर पर काजरी निदेशक डॉ. हनुमान सहाय जाट ने बताया कि उर्वरकों के अंधाधुन्द प्रयोग से हमारी मिटटी का स्वास्थ्य ख़राब हो रहा है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग, मृदा परीक्षण, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, प्राकृतिक खेती, जल संरक्षण, हरी खाद के उपयोग कम वर्षा की स्थिति में वैकल्पिक कृषि पद्दतियों तथा नकली खाद, बीज एवं कीटनाशकों की पहचान जैसे विषयों पर जागरूक किया जायेगा, साथ ही खेत स्तर पर प्रदर्शन एवं कृषि मॉडलों के माध्यम से वैज्ञानिक खेती को बढ़ावा दिया जायेगा। यह अभियान काजरी के बीकानेर, जैसलमेर, पाली, भुज और लेह स्थित क्षेत्रीय अनुसंधान स्टेशनों पर भी आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर डॉ एस पी एस तंवर, डॉ धीरज सिंह, डॉ पी सी मोहराना, डॉ ए के शर्मा, डॉ मंजूनाथ तथा डॉ पूनम कालश उपस्थित रहे।